फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्रीमती राधादेवी पत्नी श्री भूरालाल रेगर निवासी रेगर मौहल्ला, रेलमगरा तहसील रेलमगरा जिला राजसमन्द **– अपीलांट**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार,2005 **पत्रावली संख्या 52/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 30.12.2021

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा द्वारा जरिये क्रमांकः आर.टी.आई./2021/ दिनांक 14.12.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार प्रार्थीया द्वारा दिनांक 14.09.2021 को कोई प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत नही किया गया। अतः प्रार्थीया को सूचना नही दी जा सकी।

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा की रिपोर्टानुसार प्रार्थीया द्वारा दिनांक 14.09.2021 को कोई प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नही किया गया। जिस कारण से प्रार्थीया को सूचना नही दी जा सकी। अतः प्रार्थीया को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा के यहॉ आवेदन पेश कर वाछित सूचना प्राप्त करें।

उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार रेलमगरा को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)राजसमन्द

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)